City of Santa Clara
1500 Warburton Avenue
Santa Clara, CA 95050

Presort Standard
US Postage Paid
Permit 92
Santa Clara, CA

# सरकारी विधेयक A का निष्पक्ष विश्लेषण

मतपत्र का यह विधेयक सैंटा क्लारा सिटी चार्टर की धारा 600 और 700.1 में संशोधन कर देगा, तथा उप-डिस्ट्रिक्ट चुनाव प्रणाली स्थापित करने और मतदान की एक नई पद्धति लागू करने के लिए नई धारा 700.2 को जोड़ देगा: श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान की एकल अंतरणीय मत पद्धति। सिटी ऑफ सैंटा क्लारा वर्तमान में अपने काउंसिल सदस्यों का चुनाव सामान्य रूप से समस्त सिटी से करता है तथा प्रत्येक उम्मीदवार अनिवार्य रूप से निर्धारित करेगा कि वह कौन-से नंबर की सीट के लिए चुनाव लड़ रहा है। यदि मतपत्र विधेयक को मतदाताओं की मंज़ूरी मिल जाती है, तो दो डिस्ट्रिक्ट होंगे जिनमें प्रत्येक डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन काउंसिल सदस्य होंगे, तथा सभी चयनित अधिकारियों का चुनाव श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान की एकल अंतरणीय मत पद्धति का प्रयोग करते हुए किया जाएगा। उम्मीदवार केवल अपने निवास-स्थान वाली डिस्ट्रिक्ट का ही प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, तथा केवल उसी डिस्ट्रिक्ट में निवास करने वाले मतदाताओं द्वारा ही चुने जा सकते हैं। यदि मंज़ूरी मिल जाती है, तो प्रत्येक डिस्ट्रिक्ट श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान की एकल अंतरणीय मत पद्धति का प्रयोग करते हुए प्रत्येक अन्य चुनाव के चार वर्ष के कार्यकाल के लिए तीन काउंसिल सदस्यों का चुनाव करेगा। मेयर, सिटी क्लर्क, और पुलिस चीफ सामान्य रूप से चुने जाते रहेंगे, लेकिन श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान की एकल अंतरणीय मत पद्धति का प्रयोग करते हुए।

नई चुनाव पद्धति (प्रत्येक अन्य चुनाव में प्रति डिस्ट्रिक्ट में चुने गए तीन काउंसिल सदस्य) में परिवर्तन करने के लिए, विधेयक में प्रावधान है कि:

- 2018 में डिस्ट्रिक्ट 1 में तीन सदस्यों का चुनाव चार वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाए;
- 2020 में डिस्ट्रिक्ट 1 में एक सदस्य का चुनाव दो वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाए; तथा,
- 2020 में डिस्ट्रिक्ट 2 में तीन सदस्यों का चुनाव चार वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाए

श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान की एकल अंतरणीय मत पद्धति मतदाताओं के लिए तीनों उम्मीदवारों को वरीयता के क्रम में श्रेणीबद्ध करना संभव बनाती है, तथा मतदाताओं द्वारा दर्शायी गई वरीयताओं का प्रयोग करते हुए चरणबद्ध रूप में मतों का मिलान किया जाता है। यदि मंज़ूरी मिल जाती है, तो सिटी काउंसिल से अपेक्षित होगा कि यह नवंबर 2020 के चुनाव के लिए समय पर नई चुनाव पद्धति लागू करने के लिए अध्यादेश का अंगीकार करे। यदि मतदाता रजिस्ट्रार 2020 तक नई मतदान पद्धति का समर्थन करने में असमर्थ हो, तो इसे लागू करने में अगले चुनाव तक विलम्ब हो जाएगा जिसमें इसे लागू किया जाएगा तथा अंतरिम रूप में बहुमत वाले चुनावों का प्रयोग किया जाता रहेगा।

"हाँ" मत सिटी में दो डिस्ट्रिक्टों की स्थापना का काम करेगा, जिसमें तीन काउंसिल सदस्य होंगे, जिनमें से प्रत्येक का चुनाव एक प्रकार के श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान के माध्यम से किया जाएगा। "नहीं" मत द्वारा उप-पद तथा सामान्य चुनाव पद्धति यथावत रहेगी।

यह विधेयक सैंटा क्लारा सिटी काउंसिल की 6 मार्च, 2018 की कार्रवाई द्वारा मतपत्र पर पेश किया गया था।

*ब्रायन डोयले*
*सैंटा क्लारा सिटी अटॉर्नी*

# 5 जून, 2018 के विशेष म्युनिसिपल चुनाव संबंधी जानकारी

## काउंसिल डिस्ट्रिक्ट का नक्शा लिया गया

## 5 जून, 2018 के विशेष म्युनिसिपल चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण सूचना

सिटी ऑफ सैंटा क्लारा द्वारा जन सेवा के रूप में चुनाव संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जानकारी केवल शैक्षिक उद्देश्यों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

# विधेयक A वाले डिस्ट्रिक्ट के संबंध में समुदाय की महत्वपूर्ण नवीनतम जानकारी

## *विधेयक A के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न*

सैंटा क्लारा सिटी काउंसिल ने 8 मई को प्रस्तावित डिस्ट्रिक्ट नक्शे को अपनाया किया। नीचे कुछ अतिरिक्त प्रश्न दिए गए हैं जो सिटी को पिछली सूचनात्मक नवीनतम जानकारी से अब तक विधेयक A के बारे में प्राप्त हुए हैं।

**प्रश्न: काउंसिल डिस्ट्रिक्ट का नक्शा किसने तैयार किया?**

**उत्तर:** विस्तृत मौलिक संलग्नता तथा जन-सुनवाइयों में निवासियों से मिली सामुदायिक रायों के आधार पर प्रस्तावित नक्शा तैयार किया गया था। समस्त प्रक्रिया में, सैंटा क्लारा के निवासियों ने श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान प्रणाली वाले दो डिस्ट्रिक्टों का समर्थन किया। सिफारिश किया गया नक्शा सैंटा क्लारा के एक निवासी द्वारा प्रस्तावित किया गया था तथा इसकी औपचारिक सिफारिश 12 अप्रैल को सिटी की तदर्थ सलाहकार डिस्ट्रिक्ट समिति द्वारा दी गई थी। सिटी काउंसिल ने 8 मई की अपनी बैठक के दौरान अध्यादेश के रूप में पेश किए गए सिफारिशी नक्शे की समीक्षा की।

**प्रश्न: क्या प्रस्तावित डिस्ट्रिक्ट नक्शा कानूनी अपेक्षाओं के अनुरूप है?**

**उत्तर:** हाँ। सिफारिशी नक्शे सहित प्रस्तावित डिस्ट्रिक्ट नक्शा समान संरक्षण खण्ड और संघीय मतदान अधिकार अधिनियम सहित कानूनी अपेक्षाओं का पालन करते हुए तैयार किया गया था।

**प्रश्न: ये डिस्ट्रिक्ट सिटी काउंसिल की भौगोलिक विविधता को कैसे बढ़ाते हैं?**

**उत्तर:** सैंटा क्लारा सिटी काउंसिल ने चार्टर समीक्षा समिति को निदेश दिया कि यह सिटी की चुनाव प्रणाली की समीक्षा करे, जिसके परिणामस्वरूप दो डिस्ट्रिक्ट की स्थापना करने तथा मतदान पद्धति को बदलकर श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान की एकल अंतरणीय मत पद्धति करने की सिफारिश की गई। तदर्थ सलाहकार डिस्ट्रिक्ट समिति को दोनों डिस्ट्रिक्ट की सीमाओं की सिफारिश करने का काम सौंपा गया था, तथा सिफारिशी नक्शे से सिटी के उत्तरी और दक्षिणी भागों से काउंसिल सदस्यों का चुना जाना संभव बनेगा, जिससे सिटी काउंसिल में भौगोलिक विविधता सुनिश्चित होगी।

**प्रश्न: क्या सिटी काउंसिल सदस्यों की संख्या में बदलाव आया है? प्रत्येक डिस्ट्रिक्ट में कितने चुने जाते हैं?**

**उत्तर:** विधेयक A सिटी काउंसिल सदस्यों की संख्या में बदलाव नहीं करता है। प्रत्येक डिस्ट्रिक्ट तीन काउंसिल सदस्यों का चुनाव करेगा, जिससे कुल छह काउंसिल सदस्य बनेंगे। काउंसिल सदस्यों और मेयर सहित 7 चयनित पदों पर काउंसिल सदस्य रहेंगे।


**प्रश्न: क्या समुदाय ने इस प्रक्रिया में अपनी राय दी?**

**उत्तर:** हाँ। सैंटा क्लारा के सैंकडों निवासियों ने स्वयंसेवी सिटी के निवासियों की दो पृथक समितियों में 16 जन-सुनवाइयों में अपनी राय दीं। संलग्नता की प्रक्रिया के दौरान, सैंटा क्लारा के निवासियों ने 8 अलग-अलग नक्शे पेश किए और समीक्षा की। काउंसिल ने अंततः निवासियों द्वारा बनाए गए इन नक्शों में से एक का चयन किया।

**प्रश्न: अन्य कौन-से नगरों में मतदान की यह प्रणाली मौजूद है?**

**उत्तर:** खाड़ी क्षेत्र में, श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान बर्कले, ओकलैण्ड, सेन फ्रांसिस्को, और सेन लिएन्ड्रो द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान मेम्फिस, मिन्नीपोलिस, पोर्टलैण्ड, तथा सेन्ट पॉल में भी प्रयोग में लाया जाता है।

**8 मई के प्रथम पठन पर सिटी काउंसिल डिस्ट्रिक्ट नक्शे को मंज़ूरी दी गई**




**विधेयक A के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस पर सिटी की वेबसाइट पर जाएं: santaclaraca.gov/MeasureA**

*जानकारी केवल शैक्षिक उद्देश्यों के लिए उपलब्ध कराई गई है।*